## दिनांक 06.12.2017 को मण्डलायुक्त,देवीपाटन मण्डल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यदायी संस्थाओं की समीक्षा बैठक से सम्बन्धित कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 06.12.2017 को कार्यदायी संस्थाओं की समीक्षा बैठक मण्डलायुक्त कार्यालय गोण्डा के सभागार में अपरान्ह 3.00 बजे से प्रारम्भ हुई। बैठक में कार्यदायी संस्थाओं के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्न है:–

सर्वप्रथम गत बैठक दिनांक 09.11.2017 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने तथा अनुपालन आख्या अविलम्ब उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पूर्वान्चल विकास निधि योजनान्तर्गत अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0–गोण्डा/बाराबंकी को निर्देशित किया गया कि जिलांश/राज्यांश के प्रस्ताव समय से प्रेषित कराया जाय। पैच वर्क/सड़क मरम्मत के इन्टर डिस्ट्रिक्ट सत्यापन हेतु मण्डलस्तर से गठित समिति के अन्तर्गत जनपद–बहराइच के अतिरिक्त अन्य तीन जनपदों के अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0–गोण्डा द्वारा अवगत कराया गया कि स्थानीय निकाय चुनाव के कारण सत्यापन कार्य नहीं हो सका। इस सम्बन्ध में एक सप्ताह का अतिरिक्त समय देते हुए निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने की दशा में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। भारत सरकार के प्राथमिकता बिन्दु विजन–2022 के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0–गोण्डा/बाराबंकी को निर्देशित किया गया कि अन्य कार्यदायी संस्थाओं/विभागों से समन्वय स्थापित कर मण्डल के अन्तर्गत जनपदों के विकास हेतु कार्ययोजना तैयार कर ली जाय तथा यह भी देख लिया जाय कि कितने राज्य मार्गों को राष्ट्रीय राज्य मार्ग में परिवर्तित किया जा सकता है तथा विगत 10 वर्षों में परियोजनावार कितनी धनराशि प्राप्त हुई है तदनुसार सम्पूर्ण विवरण के साथ पूरी तैयारी कर अवगत कराया जाय।

**<u>गड्ढा मुक्ति कार्यक्रम:–</u>** समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0–गोण्डा/बाराबंकी को निर्देशित किया गया कि गड्ढा मुक्ति से सम्बन्धित अभिलेखों को अद्यतन पूर्ण रखा जाय तथा कार्य से सम्बन्धित सूची मा0 जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाय। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत रख–रखाव की व्यवस्था होने के कारण गड्ढा मुक्ति में सम्मिलित नहीं किये जाने के निर्देश दिये गये। अपर मुख्य अधिकारी–जिला पंचायत, गोण्डा ने बताया कि गड्ढा मुक्ति कार्य हेतु धनराशि उपलब्ध है तथा कार्य भी लगभग पूर्ण है,किन्तु सूचना अपडेट नहीं है, इसे अपडेट करा लिया जायेगा। गन्ना विभाग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि धनराशि दिनांक 30.11.2017 को प्राप्त हुई है इसलिये प्रगति नहीं हो पाई है। समीक्षोपरान्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0–गोण्डा/बाराबंकी को निर्देशित किया गया कि जो परियोजनाएं पूर्ण हैं, उनकी सूची प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाय। यह भी निर्देश दिये गये कि मण्डी एवं गन्ना विभाग के कार्यों का नियमानुसार सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट प्रेषित की जाय।

**<u>रू0 50 लाख से अधिक लागत की सडक परियोजना की जनपदवार समीक्षा निम्न प्रकार की गई:–</u>**

**<u>जनपद–गोण्डा</u>**:–समीक्षा के दौरान जनपद–गोण्डा की प्रगति सबसे कम पाई गई। लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड–गोण्डा की समीक्षा के दौरान गोण्डा–धानेपुर–बाबागंज–उतरौला मार्ग निर्माण चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 द्वारा बताया गया कि धनराशि प्राप्त हो गई है,



Scanned by CamScanner

जिसे प्रगति रिपोर्ट में नही दर्शाया गया है, इसे अपडेट करा लिया जायेगा। कार्य प्रारम्भ है, जिसे माह–मार्च, 2018 से पहले पूर्ण करा लिया जायेगा। विकास खण्ड–छपिया के अन्तर्गत बिसुही नदी के अमवा घाट पर आर0सी0सी0 सेतु निर्माण हेतु निर्माण पर उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष वित्तीय प्रगति मात्र 37 प्रतिशत पाये जाने पर अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग,गोण्डा वृत्त को निर्देशित किया गया कि कार्य की समीक्षा कर प्रगति में अपेक्षित सुधार लायें। निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 की समीक्षा के दौरान कुल अवमुक्त धनराशि रू0 155.83 करोड़ के सापेक्ष रू0 91.41 करोड़ व्यय किये जाने के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग,गोण्डा को निर्देशित किया गया कि सभी कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति में सुधार लाया जाय तथा वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाय। अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग,गोण्डा वृत्त द्वारा बताया गया कि डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2016–17 हेतु वर्तमान में कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुई है। निर्माण खण्ड–2 की समीक्षा के दौरान मलांव सम्पर्क मार्ग से वैसनपुरवा होते हुए अन्दूपुर सम्पर्क मार्ग के सम्बन्ध में बताया गया कि यह कार्य पूर्वान्चल विकास निधि योजना (राज्यांश) के अन्तर्गत स्वीकृत है, जिसमें सम्पूर्ण धनराशि प्राप्त हो गई है। कार्य निर्माणाधीन है, जिसे माह–मार्च, 2018 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। देवपसिया सेल्हरी मार्ग के किमी0 7.000 से किमी0 13.700 में सुदृढीकरण कार्य के अन्तर्गत सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त किये जाने के उपरान्त भी लक्षित लम्बाई 6.70 किमी0 के सापेक्ष मात्र 1.50 किमी0 की प्रगति पाये जाने की स्थिति में अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 द्वारा बताया गया कि कार्य लगभग 4.000 किमी0 पूर्ण हो चुका है, सूचना अद्यतन नहीं है। निर्देशित किया गया कि सूचना अपडेट की जाय तथा कार्य को समय से पूर्ण कराया जाय। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मसकनवां रेलवे क्रासिंग एफ0सी0आई0 गोदाम से पायरखास वाया खालेगांव अवरातोंदा सहजलपुर मार्ग के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0अभि0वि0 द्वारा बताया गया कि कार्य प्रारम्भ है, सम्पूर्ण धनराशि अभी प्राप्त नहीं हुई है, मांग–पत्र प्रेषित किया जा चुका है। समीक्षोपरान्त सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।

**<u>जनपद–बलरामपुर</u>**:–समीक्षा के दौरान उतरौला–तुलसीपुर मार्ग (अ0जि0मा0ल0 22.30 किमी0) के सुदृढीकरण कार्य के अन्तर्गत अधीक्षण अभियन्ता,लो0नि0वि0, गोण्डा वृत्त, गोण्डा द्वारा बताया गया कि यह कार्य दो डिवीजन से सम्बन्धित है, किन्तु धनराशि एक ही डिवीजन को अवमुक्त कर दी गई, जिससे कार्य में अनावश्यक रूप से विलम्ब हुआ। उपलब्ध धनराशि को दोनो डिवीजन में अलग–अलग करा दिया गया है, कार्य प्रारम्भ है, जिसे निर्धारित समय में पूर्ण करा लिया जायेगा। समीक्षोपरान्त सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।

**<u>जनपद–बहराइच</u>**:–समीक्षा के दौरान त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत स्वीकृत आसाम मार्ग से बेगमपुर मार्ग पर किमी0 3.000 एवं किमी0 5.000 में 30 मी0 के आर0सी0सी0 पुल निर्माण के सम्बन्ध में बताया गया कि सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त हो गई है, सेतु का कार्य पूर्ण हो चुका है, पहुँच मार्ग का कार्य चल रहा है, जिसे माह–दिसम्बर, 2017 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। त्व0आ0वि0यो0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य बघइया (शेखदहीर) से ग्राम भटपुरवा (दर्जीपुरवा) तक सम्पर्क मार्ग के सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग–बाराबंकी द्वारा बताया गया कि लेपन का कार्य प्रगति पर है, मात्र 150 मी0 कार्य शेष है, जिसे



Scanned by CamScanner

माह–दिसम्बर, 2017 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। समीक्षोपरान्त सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।

**जनपद–श्रावस्ती**:–समीक्षा के दौरान इण्डो–नेपाल बार्डर परियोजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य जमुनहा–ककरदरी मार्ग (भाग–2) पर प्रगति कम पाये जाने की स्थिति में अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग–बाराबंकी को निर्देशित किया गया कि कार्य की समीक्षा कर प्रगति में अपेक्षित सुधार लायें तथा उपलब्ध धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित कराया जाय। पी0एम0जी0एस0वाई0–2 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य बी0बी0एस0सी0 (किमी0 62.000) सिरसिया बाजार से पूरे प्रसाद तक सम्पर्क मार्ग के सम्बन्ध में बताया गया कि कार्य प्रगति पर है तथा कार्य को माह–मई, 2018 तक पूर्ण किया जाना है, अभी शासन स्तर से धनराशि भी प्राप्त होना शेष है। अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग–बाराबंकी को निर्देशित किया गया कि उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष शतप्रतिशत व्यय न होने के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए स्थिति स्पष्ट की जाय तथा प्रगति में अपेक्षित सुधार लाया जाय। समीक्षोपरान्त सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।

**रू0 50 लाख से अधिक लागत की अन्य निर्माण कार्यों (सड़कों को छोड़कर) की जनपदवार निम्न प्रकार समीक्षा की गई:–**

**जनपद–गोण्डा**:–समीक्षा के दौरान कारागार–गोण्डा में कैम्पस बाऊण्ड्रीवाल निर्माण के सम्बन्ध में अभियन्ता, पैक्सफेड द्वारा बताया गया कि पूर्व में प्राप्त धनराशि से बाऊण्ड्रीवाल का कार्य 500 मी0 पूर्ण करा लिया गया है तथा अवशेष धनराशि दिनांक 30.11.2017 को प्राप्त हुई है, कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि उपलब्ध धनराशि का सदुपयोग करते हुए कार्य को निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अन्तर्गत यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाय। आसरा योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि सभी 600 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, स्थल विकास का कार्य प्रगति पर है, जिसे माह–दिसम्बर, 2017 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इसी प्रकार आसरा आवास योजनान्तर्गत नवाबगंज–गोण्डा में बन रहे आवासों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि आवास निर्माण का कार्य पूर्ण है, प्लास्टर का कार्य प्रगति पर है। राजकीय निर्माण निगम के कार्यों की समीक्षा के अन्तर्गत कृषि महाविद्यालय– करनैलगंज के निर्माण के सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता, राजकीय निर्माण निगम द्वारा बताया गया कि उपलब्ध धनराशि रू0 8.18 करोड़ के सापेक्ष रू0 6.74 करोड़ का व्यय किया जा चुका है,अवशेष धनराशि रू0 1.44 करोड़ का व्यय दिनांक 15 जनवरी, 2017 तक पूर्ण करा लिया जायेगा, अबतक लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण करा लिया गया है, माह–दिसम्बर, 2017 तक अवशेष धनराशि प्राप्त होने की स्थिति में इस कार्य को माह–मार्च, 2018 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। 100 शैय्यायुक्त मेटरनिटी विंग के सम्बन्ध में बताया गया कि कार्य प्रगति पर है, माह–मार्च 2018 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। विधि विज्ञान प्रयोगशाला के सम्बन्ध में बताया गया कि पुलिस लाईन–गोण्डा में बन रहा है तथा लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण है। सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि इन दोनों परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण दिनांक 09 दिसम्बर, 2017 को किया जायेगा। यू0पी0सिडकों के कार्यों की समीक्षा के अन्तर्गत आई0टी0आई0–परसपुर के निर्माण के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया गगया कि कार्य प्रगति पर है, इसे माह–मार्च, 2018 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद–गोण्डा के कार्यों की समीक्षा के दौरान महर्षि पतंजलि पॉलीटेक्निक आफ इन्फारमेशन टेक्नोलाजी,



Scanned by CamScanner

करनैलगंज, गोण्डा के निर्माण के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति पर है, मुख्य भवन के फिनिशिंग का कार्य चल रहा है, शासन स्तर से एक किश्त प्राप्त होनी है। यह भी अवगत कराया गया कि इस परियोजना पर संशोधित आगणन भेजा गया है। निर्देशित किया गया कि संशोधित आगणन की स्वीकृति हेतु पत्राचार सुनिश्चित किया जाय। कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के निर्माण की समीक्षा के अन्तर्गत अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा बताया गया कि करनैलगंज में विवाद है, रूपईडीह में भूमि उपलब्ध नहीं है तथा मुजेहना में 01 भवन को निष्प्रयोज्य कराकर भवन के स्थान पर निर्माण कार्य कराया जाना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि भवन को निष्प्रयोज्य किये जाने हेतु प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग को प्रेषित किया जा चुका है। अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग–गोण्डा को निर्देशित किया गया कि प्रस्ताव को दिनांक 07.12.2017 तक निस्तारित कराया जाय। इसके अतिरिक्त करनैलगंज तथा रूपईडीह के विद्यालय निर्माण हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में रिक्त भूमि से सम्बन्धित रिपोर्ट प्रति उपविद्यालय निरीक्षक से दो दिवस के अन्दर प्राप्त कर अन्यत्र भूमि पर नियमानुसार कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्रावास का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाय। अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि भवन निर्माण के कार्य में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय तथा कार्यो का नियमानुसार सत्यापन भी कराया जाय।

<u>जनपद–बलरामपुरः</u>–कार्यदायी संस्था सी0 एण्ड डी0एस0 की समीक्षा के दौरान आई0टी0आई0 कटरा शंकर के सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि द्वितीय किश्त माह–नवम्बर, 2017 में प्राप्त हो गई है। माह–जनवरी–2018 तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– रेहराबाजार के सम्बन्ध में बताया गया कि जो धनराशि उपलब्ध थी उससे कार्य कराया जा चुका है, द्वितीय किश्त अभी प्राप्त नहीं हुई है। द्वितीय किश्त हेतु उपभोग प्रमाण–पत्र प्रेषित किया जा चुका है। निर्देशित किया गया कि अवशेष धनराशि हेतु पत्राचार सुनिश्चित कराया जाय। कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियन्ता, यू0पी0सिडको द्वारा बताया गया कि अग्निशमन केन्द्र,उतरौला (बलरामपुर) में आवासीय/अनावासीय भवन का कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि इस कार्य को दिनांक 15 जनवरी, 2018 तक पूर्ण कराया जाय। उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0 की समीक्षा के दौरान परियोजना प्रबन्धक, यू0पी0पी0सी0एल0 द्वारा बताया गया कि आई0टी0आई0–उतरौला का कार्य प्रगति पर है, बरसात में रास्ता ठीक न होने के कारण कार्य रूक गया था, अब कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि इस कार्य को दिनांक 15 जनवरी, 2018 तक पूर्ण कराया जाय। समीक्षोपरान्त अधीक्षण अभियन्ता,लो0नि0वि0 तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि भवन निर्माण के कार्य में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। इसके अतिरिक्त समय–समय पर कार्यों का सत्यापन करते हुए रिपोर्ट प्रेषित की जाय।

<u>जनपद–बहराइचः</u>–समीक्षा के दौरान परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0 द्वारा बताया गया कि राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान (आई0टी0आई0), कटघरा कलां, कैसरगंज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को माह–मार्च, 2018 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। यू0पी0 सिडको के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि बस डिपो, रूपईडीहा भवन का कार्य चल रहा है, जो



Scanned by CamScanner

धनराशि प्राप्त हुई थी, उसका व्यय करते हुए कार्य पूर्ण कराया जा चुका है तथा अवशेष धनराशि रू0 166 लाख को अवमुक्त किये जाने हेतु मांग पत्र प्रेषित किया जा चुका है, किन्तु मुख्य भवन तैयार कर बस डिपो पर बसों का आवागमन प्रारम्भ करा दिया गया है। बस स्टेशन– बहराइच के भवन निर्माण कार्य के सम्बन्ध में बताया गया कि धनराशि उपलब्ध है तथा कार्य भी लगभग पूर्ण कराया जा चुका है। निर्देशित किया गया कि इस माह में पूर्ण कराकर हस्तान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के कार्यों की समीक्षा के अन्तर्गत अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि इको टूरिज्म विकास योजना के अन्तर्गत कतर्नियाघाट का कार्य पूर्ण है तथा निशानगाढा का भी कार्य लगभग पूर्ण है, फिनिशिंग का कार्य चल रहा है, इस माह में पूर्ण करा लिया जायेगा। जल निगम विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम द्वारा बताया गया कि जनपद–बहराइच के 02 परियोजना लौकाही तथा करैला शाहबाजपुर हेतु धनराशि दिनांक 04.12.2017 को अवमुक्त हुई है, जिसमें लौकाही में कार्य प्रारम्भ है तथा करैला शाहबाजपुर में इस माह कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि जिन परियोजनाओं पर 50 प्रतिशत धनराशि मिल गई है, उन पर कार्य प्रारम्भ है तथा जिन पर 10–15 प्रतिशत धनराशि प्राप्त हुई है, उन कार्यों पर कार्य बन्द है। निर्देशित किया गया कि अवशेष धनराशि की मांग हेतु पत्र प्रेषित किया जाय। समीक्षोपरान्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि भवन निर्माण के कार्य में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। इसके अतिरिक्त समय–समय पर कार्यों का सत्यापन करते हुए रिपोर्ट प्रेषित की जाय।

**जनपद–श्रावस्तीः**–समीक्षा के दौरान सहायक अभियन्ता, सी0 एण्ड डी0एस0 द्वारा बताया गया कि एम0एस0डी0पी0 योजनान्तर्गत हरदत्तनगर गिरन्ट में 02 छात्रावास सहित पॉलीटेक्निक का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें भूतल भवन का कार्य पूर्ण है, छात्रावास का कार्य चल रहा है। यह भी अवगत कराया गया कि इस कार्य को माह–जून, 2018 तक पूर्ण किया जाना है, जिसके अन्दर कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा। कब्रिस्तानों के बाऊण्ड्रीवाल निर्माण के सम्बन्ध में बताया गया कि 27 कार्य थें, जिन्हें पूर्ण कराया जा चुका है। राजकीय निर्माण निगम के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि न्याय विभाग के नवीन बाऊण्ड्रीवाल हेतु धनराशि माह–नवम्बर, 2017 में प्राप्त हुई है, कार्य प्रारम्भ है, इसे माह–माच, 2018 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। राजकीय महाविद्यालय, जमुनहा के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियन्ता, आवास विकास परिषद द्वारा बताया गया कि मुख्य भवन के प्लिंथ लेबिल तक कार्य पूर्ण है तथा दो साईड से बाऊण्ड्रीवाल निर्माण का कार्य पूर्ण करा लिया गया है, इस परियोजना पर सम्पूर्ण धनराशि प्राप्त नहीं हुई है, जिसके लिये मांग पत्र प्रेषित किया जा चुका है। समीक्षोपरान्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 तथा अन्य कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि भवन निर्माण के कार्य में निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। इसके अतिरिक्त समय–समय पर कार्यों का सत्यापन करते हुए रिपोर्ट प्रेषित की जाय।

अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0 तथा सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि विभागों के भूमि पर अवैध कब्जा/अतिक्रमण हो, उन्हें सूचीबद्ध कर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।



Scanned by CamScanner

विभिन्न जनशिकायतों के अन्तर्गत आई0जी0आर0एस0 के शिकायतों की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर समय से निस्तरित कराया जाय तथा निस्तारण गुणवत्तापरक ढंग से सुनिश्चित की जाये।

बैठक के अन्त में उपस्थित समस्त अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी तथा अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0–गोण्डा/बाराबंकी वृत्त–गोण्डा/ बाराबंकी तथा सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के सम्बन्ध में अनुपालन आख्या एक सप्ताह में उपलब्ध करायें।

13/12/17

(एस0वी0एस0रंगाराव)
आयुक्त,
देवीपाटन मण्डल,
गोण्डा।

## कार्यालय आयुक्त, देवीपाटन मण्डल–गोण्डा।

पत्रांक 554 /बैठक कार्यवृत्त/2017–18 दिनांक 13-12-2017

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. जिलाधिकारी–गोण्डा,बलरामपुर,बहराइच,श्रावस्ती।
2. मुख्य विकास अधिकारी–गोण्डा,बलरामपुर,बहराइच,श्रावस्ती।
3. अधीक्षण अभियन्ता,लो0नि0वि0–गोण्डा/बाराबंकी वृत्त,गोण्डा/बाराबंकी।
4. सम्बन्धित कार्यदायी संस्था,देवीपाटन मण्डल।
5. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी,एन0आई0सी0,गोण्डा को इस आशय से प्रेषित कि कार्यवृत्त को वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

13-XII-17

(बी0के0पाठक)
संयुक्त विकास आयुक्त,
देवीपाटन मण्डल,
गोण्डा।



Scanned by CamScanner